# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 25.07.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से दिया इस्तीफा, केंद्र से वार्ता के बाद सीजेपी के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के जंतर–मंतर से आंदोलन खत्म करने की घोशणा की।**
2. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समीक्षा की, राज्य के सभी जिलों को 29 जुलाई तक इन्यूमरेशन फेज का कार्य पूरा करने का दिया निर्देश।**
3. **राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने देवघर में राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों लिया जायजा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा पर दिया जोर।**
4. **राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक में शामिल हुए मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पैक्स के कम्प्यूटरीकरण समेत 15 एजेंडों पर हुई चर्चा।**
5. **रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर परिसर में निकली घुरती रथ यात्रा, मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर पहुंचे भगवान जगन्नाथ।**

*****************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री प्रधान ने कहा कि पिछले दस दिनों से छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद उत्पन्न स्थिति से वे व्यथित हैं और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। उन्होंने कहा कि जंतर–मंतर और पूरे देश में वर्तमान स्थिति का राष्ट्रविरोधी ताकतें लाभ ना उठा सकें और किसी भी छात्र का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न उलझे इसलिए उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपने का निर्णय लिया है।

*****************

सरकार द्वारा मांगें मान लिए जाने के बाद CJP ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज CJP प्रतिनिधिमंडल के साथ तीसरे दौर की बातचीत की। श्री नड्डा ने बताया कि परीक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों पर चर्चा की गई।

वहीं CJP के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने जंतर मंतर से आंदोलन वापस लेने की घोषणा की और उम्मीद जताई कि तय शर्तों को समय–सीमा के अंदर पूरा किया जाएगा।

*****************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की है। उन्होंने झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से जुड़े मामलों की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का **136वां** एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समीक्षा करते हुए सभी जिलों को 29 जुलाई तक इन्यूमरेशन फेज का कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की मतदाता सूची में दर्ज झारखंड के मतदाता 5 अगस्त के बाद फॉर्म–8 और घोषणा–पत्र भरकर अपना नाम झारखंड की मतदाता सूची में स्थानांतरित करा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पात्र मतदाताओं से इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर हस्ताक्षर सहित जल्द बीएलओ को जमा करने की अपील की, ताकि उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो सके।

*****************

रांची जिले में आरटीई अधिनियम, 2009 के तहत सत्र 2026–27 की प्रवेश कक्षा की रिक्त 25 प्रतिशत सीटों पर द्वितीय चरण के ऑनलाइन आवेदन 27 जुलाई से 2 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे। द्वितीय चरण में केवल वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने पहले आवेदन किया था और जिनका आवेदन जांच के बाद योग्य पाया गया है तथा ऑनलाइन लॉटरी 5 अगस्त को समाहरणालय, रांची में आयोजित की जाएगी।

******************

झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज देवघर में राजकीय श्रावणी मेला–2026 की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सावन में आनेवाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा, स्वच्छता और सुगम जलार्पण व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। मंत्री ने यात्री सुविधाओं, यातायात और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से समयबद्ध ढंग से तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

******************

राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार की अध्यक्षता में आज राज्य सहकारी विकास समिति की चौथी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता क्षेत्र के विस्तार और सुदृढ़ीकरण से जुड़े 15 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा हुई। इस दौरान पैक्स के कम्प्यूटरीकरण, विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण योजना के पायलट प्रोजेक्ट, दूध और मत्स्य उत्पादक समितियों के गठन तथा सहकारी बैंकों के माध्यम से **सहकार से समृद्धि** पहल के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार–विमर्श किया गया।

******************

रांची में कल आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रम के शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन के लिए जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की है। बता दें कि रांची के ग्यारह परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा होनेवाली है।

******************

जामताड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पहल पर आज व्यवहार न्यायालय सभागार में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों के अधिकार, पॉक्सो अधिनियम और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

******************

रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में आज घुरती रथ यात्रा के साथ भगवान जगन्नाथ मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर में विराजमान हो गए। इस दौरान रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। देर शाम तक मंदिर में पूजा–अर्चना का दौर जारी रहा।

******************

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में कल से डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। पहला मुकाबला जमशेदपुर एफसी और श्रीलंका के डिफेंडर्स एफसी के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर रांची के लोगों में उत्साह का माहौल है।

***********समाप्त***********